वर्ष-01, अंक-302
छपरा
2 सितंबर सोमवार
2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# सिंगापुर में चेकअप के बाद पटना लौटे लालू प्रसाद

## डॉक्टर ने दी खाने में परहेज रखने की सलाह, नॉन वेज से भी दूरी बनाने को कहा गया



**पटना,एजेन्सी।** लालू प्रसाद यादव सिंगापुर से इलाज करवा कर सोमवार की शाम पटना लौटे हैं। उनके साथ राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती भी आई हैं। 10 दिन पहले चेकअप के लिए सिंगापुर गए थे। किडनी ट्रांसप्लांट के बाद पहली बार सिंगापुर गए थे। वहां बेटी रोहिणी आचार्य के पास रूक कर चेकअप कराया। डॉक्टर ने भोजन में परहेज करने की सलाह दी है।

### पिछले एक साल में काफी सुधार

लालू प्रसाद यादव की सेहत में बीते एक साल में काफी सुधार हुआ है। इस बार उनको डॉक्टरों ने खाने-पीने में परहेज करने की सलाह दी है । जानकारी के मुताबिक डॉक्टरों ने किडनी की स्थिति को बेहतर बताते हुए मांस-मछली से थोड़ा परहेज रखने की सलाह दी है। लालू प्रसाद यादव को सीमित मात्रा में पानी भी पीने की सलाह दी है। साथ ही मिठाई सीमित मात्रा में खाने और डायबिटीज पर कंट्रोल रखने की बात कही है।

**मीडिया से बातचीत नहीं की :** सिंगापुर के माउंट एलिजाबेथ अस्पताल में 5 दिसंबर को 2022 को लालू यादव की किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने उन्हें अपना किडनी दिया था। इलाज के बाद 11 फरवरी 2023 को वो पटना लौट आए थे। इसके बाद 17 अगस्त को पटना से दिल्ली गए थे। कुछ दिनों तक दिल्ली में रहने के बाद लालू यादव पत्नी राबड़ी देवी के साथ 21 अगस्त सिंगापुर के लिए रवाना हो गए थे।

# बाड़मेर में मिग-29 क्रैश, धमाके के साथ आग लगी

## हादसे से पहले सुरक्षित निकल गए पायलट ; सुनसान इलाके में गिरा फाइटर प्लेन



**बाड़मेर,एजेन्सी।** बाड़मेर में उत्तरलाई एयरबेस के पास में फाइटर प्लेन क्रैश हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पायलट ने क्रैश से पहले इजेक्ट (विमान से बाहर निकलना) कर लिया था। जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 10 बजे फाइटर प्लेन रहवासी ढाणी से दूर जाकर क्रैश हो गया। विमान के क्रैश होने के बाद तेज धमाके के साथ आग लग गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद बाड़मेर कलेक्टर निशांत जैन, एसपी नरेंद्र सिंह मीणा सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। डिफेंस पीआरओ अजिताभ शर्मा ने बताया कि मिग-29 फाइटर प्लेन क्रैश हुआ है। एसपी नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया- हादसा बाड़मेर उतरलाई एयरबेस के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि तेज धमाके के साथ प्लेन में आग लगी थी।

देश में बारिश और बाढ़ का कहर

# वैष्णो देवी के रास्ते में लैंडस्लाइड, 2 महिलाओं की मौत, एक जख्मी

## आंध्र-तेलंगाना में बाढ़ से 19 की जान गई,म.प्र. और गुजरात समेत 6 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट







**नई दिल्ली,एजेन्सी।** देश में बारिश का दौर जारी है। मध्य प्रदेश और गुजरात समेत 6 राज्यों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट है। इस बीच जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को लैंडस्लाइड होने से 3 तीर्थ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से 2 महिलाओं की मौत हो गई। एक लड़की का इलाज चल रहा है। अफसरों ने बताया कि दोपहर करीब 2.35 बजे पांची के पास भूस्खलन हुआ। मिट्टी गिरने से मार्ग के ऊपर बना टीन शेड गिर गया। इसकी चपेट में कई लोग आ गए।उधर,आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भारी बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बाढ़ और बारिश के चलते 2 दिनों में आंध्र में 9 और तेलंगाना में 10 लोगों की मौत हुई है। दोनों राज्यों में 140 ट्रेन कैंसिल हुई हैं। 54 से ज्यादा ट्रेन डायवर्ट की गई हैं। NDRF की 26 टीम तैनात की गई हैं। उफनती नदियों के कारण निचले इलाकों में पानी भर गया है। आंध्र प्रदेश में 1998 के बाद ऐसी बाढ़ आई है। 17 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया है। विजयवाड़ा में 2.76 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। कुछ इलाकों में 10 फीट तक पानी भरा है। तेलंगाना में सूर्यपेट, भद्राद्री, कोठागुडेम, महबूबाबाद जिले बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। खम्मम के 110 गांव पूरी तरह से पानी में डूबे हैं। हैदराबाद में आज स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।

**पीएम ने आंध्र व तेलंगाना के मुख्यमंत्रियों से बात की-** प्रधानमंत्री मोदी ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी से फोन पर बात कर राज्य के हालात की जानकारी ली। पीएम ने दोनों को केंद्र की ओर से हर संभव मदद करने का

- **बारिश ने राज्य को हिलाकर रख दिया है-** सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि भारी बारिश ने राज्य को हिलाकर रख दिया है। विजयवाड़ा और गुंटूर शहर पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं।
- **राजस्थान में बारिश ने 13 साल का रिकॉर्ड तोड़ा-** राजस्थान में मानसून ने अगस्त में नया रिकॉर्ड बना दिया है। अगस्त में 344एमए बरसात हुई, जो साल 2011 से 2023 तक सबसे ज्यादा है। इस साल इतनी बारिश अब तक किसी भी महीने में नहीं हुई।
- **15 राज्यों में भारी और 6 राज्यों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट-** मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश-महाराष्ट्र सहित 15 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश और गुजरात समेत 6 राज्यों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट है।
- **म.प्र. आज 5 जिलों में 8 इंच तक बारिश का अलर्ट -** मध्य प्रदेश में बारिश कराने वाला स्ट्रॉन्ग सिस्टम फिर एक्टिव हो गया है। सोमवार को भोपाल,बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खरगोन और देवास में बारिश जारी थी।

पेरिस पैरालिंपिक-2024

# नितेश कुमार ने बैडमिंटन में गोल्ड जीता



**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस पैरालिंपिक में भारत ने दूसरा गोल्ड मेडल जीत लिया है। बैडमिंटन मेंस सिंगल्स की एसएल3 कैटेगरी में नितेश कुमार ने फाइनल जीता। उन्होंने ग्रेट ब्रिटेन के डैनियल बेथेल को 21-14, 18-21, 23-21 से हराया। उनसे पहले डिस्कस थ्रो में योगेश कथुनिया ने सिल्वर मेडल जीता था। पैरालिंपिक में भारत अब तक 2 गोल्ड, 3 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज जीत चुका है।

# आईसी 814 सीरीज में आतंकियों के हिंदू नामों पर विवाद

## कंटेंट पर जवाब मांगा



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ओटीटी सीरीज आईसी 814 को लेकर जारी विवाद के बीच नेटफ्लिक्स की कंटेंट हेड मोनिका शेरगिल को सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने तलब किया है। मंत्रालय ने ओटीटी सीरीज के विवादास्पद पहलुओं पर नेटफ्लिक्स से स्पष्टीकरण मांगा है। नेटफ्लिक्स 2 सितंबर को मंत्रालय के सामने अपना पक्ष रखेगा। आईसी 814 29 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है जो कि कंधार विमान हाईजैक पर बेस्ड है। इस विमान को हाईजैक करने वाले आंतकियों के नाम इब्राहिम अख्तर, शाहिद अख्तर, सन्नी अहमद, जहूर मिस्त्री और शाकिर थे लेकिन वेबसीरीज में उनके नाम बदल दिए गए हैं। इनमें आतंकियों के हिंदू नाम भोला और शंकर रखे गए हैं जिससे विवाद हो गया है। वेबसीरीज रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर इसे बॉयकॉट करने की मांग उठ रही है।

भाजपा ने जताई थी आपत्तिसीरीज रिलीज होने के बाद पिछले दिनों भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने इसके कंटेंट पर आपत्ति जताई थी।

# बेटी को प्रेमी के साथ देख आग बबूला हुआ पिता

## मासूम का सिर धड़ से किया अलग, शव के कर डाले 6 टुकड़े

**बहराइच (एजेंसी)।** किसी बेटी का बाप होना वाकई एक सुखद अनुभूति होती है। बच्ची की किलकारियों से बाप को मिलने वाली दिली सुकून को शब्दों में कहना मुश्किल होता है। जैसे-जैसे बेटी की आयु बढ़ती है पिता का यही सुकून उसकी परवरिश, पढ़ाई, शादी और सुरक्षा जैसी चिंताओं से घिर जाते हैं। ऐसा ही एक मामला थाना मोतीपुर के लक्ष्मनपुर मटेही, (निबिया) से सामने आया। बेटी अपने घर मे रायबोझा निवासी अपने प्रेमी से बात कर रही थी तभी पिता आ गया। वह दोनों को साथ देख कर इतना आग बबूला हो गया कि उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

# भाजपा सदस्यता अभियान शुरू, पहली सदस्यता मोदी ने ली

## कहा- पहले कार्यकर्ता रेल में रहते थे या जेल में; सत्ताधारियों के जुल्म सहकर यहां तक पहुंचे



**नई दिल्ली,एजेन्सी।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार (2 सितंबर) को 'संगठन पर्व, सदस्यता अभियान 2024' लॉन्च किया। इस मौके पर सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी की सदस्यता ली। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के बड़े नेताओं ने फिर से पार्टी की सदस्यता ली।

पीएम मोदी ने कहा कि आज भाजपा के सदस्यता अभियान का एक और दौर शुरू हो रहा है। भारतीय जनसंघ से अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने की कोशिश की है। हम वो लोग हैं जिन्होंने दीवारों पर कमल भी बड़ी श्रद्धा से पेंट किया। हमें विश्वास था दीवारों पर पेंट किया हुआ कमल कभी न कभी दिलों पर भी पेंट हो जाएगा।

पीएम ने आगे कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को लेकर कहा जाता था कि इनका एक पैर रेल में रहता है और दूसरा जेल में। रेल में क्योंकि कार्यकर्ता लगातार भ्रमण किया करते थे। और जेल में इसलिए क्योंकि तब सत्ताधारी एक जुलूस भी नहीं निकालने देते थे। वे हमें जेल में डाल देते थे। हम ऐसे सत्ताधारियों के जुल्म सहकर यहां तक पहुंचे हैं।

**शाह बोले- भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी :** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारी पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही, साथ ही सभी राजनीतिक दलों में एक प्रकार से अनूठी पार्टी है। आज भारत के 1,500 से अधिक राजनीतिक दलों में कोई भी दल लोकतांत्रिक तरीके से विश्वास और खुलेपन के साथ हर 6 साल के बाद अपने सदस्यता अभियान नहीं चलाता है।

### नड्डा बोले- पीएम मोदी ने हमेशा संगठन को सबसे आगे रखा

कार्यक्रम में जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री देश का प्रधानसेवक होने के नाते, 140 करोड़ देशवासियों के नेतृत्व करने के नाते प्रशासन की बारीकियों में दिन-रात व्यस्त रहते हैं। उसके बावजूद हम सबके लिए आदर्श हैं। उन्होंने हमेशा संगठन को सर्वोपरि रखा है और संगठन प्रथम है। संगठन को जब भी जरूरत पड़ी है, तो व्यस्तताओं के बीच भी वे पार्टी को आगे बढ़ाने की चिंता करते हैं।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले- हमारी पार्टी कथनी-करनी में फर्क नहीं करती

राजनाथ सिंह ने कहा कि नेताओं की कथनी और करनी में फर्क होने की वजह से देश की राजनीति और नेताओं के ऊपर जनता का भरोसा कम हुआ है। भारतीय राजनीति में इससे पहले नेताओं की कथनी और करनी में जो विश्वास का संकट पैदा हुआ था, उसे किसी ने चुनौती के रूप में स्वीकार किया है, तो वह हमारे प्रधानमंत्री ने किया है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब मोदी जी भारत के प्रधानमंत्री बने, उस समय मैं पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष था। जब हमारा चुनावी घोषणा पत्र बन रहा था, तो उस समय भी हमारे प्रधानमंत्री जी ने बार-बार ये कहा कि इस बात का ध्यान रखिएगा कि चुनावी घोषणा पत्र में जो कुछ भी कहा जाए, उसका पालन हम कर सकें।


# गिरिराज बोले, आप टोटल अपराधियों की पार्टी

## विधायक का फैसला कोर्ट में होगा, कोई कहे कि परेशान किया जा रहा तो क्या कहें

**बेगूसराय,एजेन्सी।** आम आदी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्लाह खान के घर ईडी की छापेमारी पर पार्टी ने केंद्र सरकार पर परेशान करने का आरोप लगाया था। जिसका भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने खंडन किया है। बेगूसराय में गिरिराज ने कहा कि आप टोटल का टोटल अपराधियों से घिरी पार्टी है। जिसका मुख्यमंत्री जेल में हो। कोई पैसा घोटाला में, कोई आर्म्स घोटाला में, कोई रंगबाजी में जेल जाता है। कोई व्यक्ति कानून से बड़ा नहीं होता है। अगर आप के विधायक अमानतुल्लाह खान के ऊपर कोई चार्ज है तो कोर्ट में उसका फैसला होगा। अब कोई कहे कि परेशान किया जा रहा तो क्या कहें, कानून से बड़ा कोई नहीं होता है।

कनाडा में पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों के घर फायरिंग

# गोली चलाता दिखा शूटर, लॉरेंस गैंग ने जिम्मेदारी ली; सलमान के साथ गाने में दिखे थे



**जालंधर,एजेन्सी।** कनाडा में पंजाब के फेमस सिंगर अमृतपाल सिंह ढिल्लों उर्फ एपी ढिल्लों के घर पर फायरिंग की गई। घटना रविवार रात की है। खबर और इसके वीडियो अब सामने आए हैं। एपी ढिल्लों का घर वैंकूवर इलाके में है। वायरल वीडियो के अनुसार एक शूटर ने गेट के बाहर से 11 गोलियां चलाईं। उसने काले रंग के कपड़े पहने हुए थे। इसकी जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली है। गैंग के गैंगस्टर रोहित गोदारा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी डाली है। 9 अगस्त को सिंगर एपी ढिल्लों का बॉलीवुड स्टार सलमान खान के साथ गाना ओल्ड मनी रिलीज हुआ था। फायरिंग को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। घटना के बाद भारतीय और कनाडाई एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं।

5 सितंबर को बिहार खेल सम्मान समारोहः

# 615 खिलाड़ी, 22 कोच को किया जाएगा सम्मानित

## पेरिस ओलंपिक मेडलिस्ट श्रीजेश होंगे मुख्य अतिथि






**पटना,एजेन्सी।** पटना के ज्ञान भवन में 5 सितंबर को बिहार खेल सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें 615 खिलाड़ी, 22 कोच, 6 खेल संघ और 4 खेल प्रशासक सम्मानित होंगे। इससे पहले 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर राजगीर के नवनिर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया था। यह पहली बार है कि एक ही साल में दो बार खेल सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

**पेरिस ओलंपिक मेडलिस्ट श्रीजेश होंगे मुख्य अतिथि :** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने बताया कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश मौजूद रहेंगे। श्रीजेश के बदौलत पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर यह पदक हासिल किया था। पदक जीतने के साथ ही श्रीजेश ने हॉकी से संन्यास ले लिया था।

**9 अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता हुए थे सम्मानित :** राजगीर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खेल के क्षेत्र में राज्य के 9 अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं को सम्मानित किया था। ओलंपिक गेम्स, एशियन गेम्स, सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में पदक विजेता, सहभागी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मान दिया गया था। इसमें चंदन कुमार सिंह, मो. जलालुद्दीन अंसारी, शशि भूषण प्रसाद, श्रेयसी सिंह शामिल हैं।



# मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को पूरी शुद्धता से सुनिश्चित कराएं : अमन समीर

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समन्वय बैठक आयोजित की गई। जिसमें मतदाता सूची के जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निदेश दिया। मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के संबंध में जहां भी चलंत मतदान केन्द्र है या मतदानकेन्द्र भवन जर्जर अवस्था में है एवं इसे पास के किसी निर्मित सरकारी भवन में स्थानांतरित किया जा सकता है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी संबंधित ईआरओ के माध्यम से प्रस्ताव देंगे। हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य को पूरी शुद्धता के साथ सुनिश्चित करें।सभी एईआरओ एवं ईआरओ को बीएलओ के साथ बैठक कर सत्यापन कार्य को गति देने का निदेश दिया गया। हाउस टू हाउस सर्वे के आधार पर बीएलओ द्वारा शिफ्टेड एवं डेड मार्क किये गये मतदाताओं का रैंडम स्थलीय सत्यापन सभी ईआरओ एवं एईआरओ



सुनिश्चित कर कार्यों के शुद्धता की परख करेंगे।न्यायालयों में लंबित केस के संदर्भ में सभी संबंधित पदाधिकारी समय से तथ्य विवरणी तैयार कर प्रस्तुत करें ताकि न्यायालय में ससमय शपथ पत्र दायर किया जा सके।विभिन्न आपदा पीड़ितों से संबंधित मुआवजा भुगतान के सभी लंबित मामलों का निष्पादन प्राथमिकता से सुनिश्चित करने को कहा गया।इसके लिए प्रतिदिन 2-3 अंचलों के सहायकों को बुलाकर आपदा शाखा प्रभारी इसकी समीक्षा करेंगी। राशनकार्ड के लंबित सभी आवेदनों में एक सप्ताह के अंतर्गत स्थलीय जाँच की प्रक्रिया संबंधित एसडीओ पूरा कराकर उसके अगले एक सप्ताह में सभी आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करायेंगे। बैठक में बंदोबस्त पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि जुड़े थे।

## कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की सफलता हेतु प्रशिक्षण आयोजित

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** आगामी 4 सितम्बर को आयोजित होने वाले कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम व 11 सितम्बर को छूटे हुए बच्चे को मॉप अप राउंड किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रखंड संसाधन केंद्र एकमा के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक वाहिद अख्तर ने बताया कि कृमि मुक्ति दिवस एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जिसका उद्देश्य लोगों को कृमि संक्रमण के बारे में जागरूक करना व उन्हें कृमि संक्रमण से बचाव के तरीकों के बारे में शिक्षित करना है।बीईओ योगेन्द्र बैठा ने कहा कि कृमि मुक्ति दिवस को सभी स्कूलों में सफलता पूर्वक आयोजित करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीईओ योगेंद्र बैठा, बीआरपी, डॉ अमरजीत, संदीप कुमार, रंजीत कुमार, अरुण कुमार सिंह, मंजीत कुमार तिवारी, कुमार रश्मि रंजन, दीपक कुमार, मोहम्मद तौकीर अंसारी, शैलेश कुमार सिंह, सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक आदि अन्य शामिल हुए।



## बजरहियॉ में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम कीर्तन का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** इसुआपुर प्रखंड के बजरहियॉ श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर के प्रांगण में आयोजित अखंड अष्टयाम के समापन के उपरांत रविवार की रात में कीर्तन का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का संचालन उप प्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा तथा राकेश बाबा ने किया। व्यास मुन्नीलाल सांवरिया ने गणेश वंदना, दुर्गा वंदना तथा हनुमान वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत किया। जिस बंदना पर उपस्थिति श्रोता मंत्रमुग्ध हो झूम उठे। व्यास ने अपने गायन के माध्यम से राम सीता के विवाह को जन्म से लेकर विवाह तक की कथा को बेहतरीन प्रस्तुत किया। वहीं उन्होंने कहा कि आप श्री राम प्रभु के जीवन से सीख लेकर उनकी बताएं मार्ग पर चलने से आपका कल्याण हो सकता है। माता सीता के जीवन से सीख लेने की बात कही की कठिन परिस्थितियों का सामना उनके द्वारा किया गया लेकिन पथ भ्रमित नहीं हुई। मनुष्य को भगवान पर पूर्ण रूप से अपने आप को समर्पित कर देने से ही आपका पूर्ण रूप से कल्याण हो जाएगा। मनुष्य को कभी भी पथ भ्रमित नहीं होना चाहिए नहीं तो उसका विनाश निश्चित रूप से हो जाएगा।

## विवाहिता महिला की नदी में बह जानें की खबर पर सीओ ने एनडीआरएफ की टीम को दी सूचना

### मैके वालों ने देहज के लिए हत्या कर शव को नदी में फेंकने का लगाया आरोप

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के सपही गांव निवासी विवाहिता महिला की बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के बंगरा घाट पुल पर से हत्या कर गंडक नदी में फेंक दिए जाने की सूचना पर हड़कंच मच गया है। महिला की नदी में तलाश की जा रही है। बताया जाता है कि सारण जिले के पानापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमराहां गांव निवासी मुकेश कुमार सिंह उर्फ अनूप कुमार सिंह की बहन गुड़िया सिंह की शादी धूमधाम से मशरक थाना क्षेत्र के सपहीं गांव में 14 मई 2019 को कृष्ण सिंह के पुत्र मनीष कुमार सिंह उर्फ रंजीत कुमार से हुई थी।जो सीआरपीएफ के 200 बटालियन में दिल्ली में तैनात है। मायके वालों को गुड़िया के परिवार वालों ने मोबाइल पर सूचना देकर कहा कि गुड़िया पति के साथ बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के बंगरा घाट पुल पर घूमने गई थी। इस दौरान वह पुल पर से नदी में गिर गई। सूचना पाकर गुड़िया के मायके वालों ने बैकुंठपुर थाने की पुलिस से यह बात बताई। इसके बाद बैकुंठपुर थाने की पुलिस एवं अंचल पदाधिकारी गौतम सिंह ने एनडीआरएफ की टीम को घटना की सूचना दी। मायके वालों ने दहेज को लेकर हत्या कर शव को गंडक नदी में फेंकने की बात बताई। विवाहिता महिला को एक छ माह की बच्ची हैं।

## नाला निर्माण की राशि उठाव के बावजूद धरातल पर कार्य नहीं हुआ

**दरियापुर(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के दरियापुर पंचायत में नाला निर्माण कार्य कराए बिना ही राशि निकासी का मामला सामने आया हैं। पिछले वर्ष मार्च माह में वार्ड नंबर दो में नाला का निर्माण कराया जाना था, जिसका वाउचर संख्या ड्डठ्ठक्क/2022-2023/घ30 दिनांक 30-3-2023 को नौ लाख रुपया तथा वाउचर संख्या ड्डठ्ठक्क/2023/घ 31/दिनांक 30-3- 2023 को एक लाख सत्तर हजार रुपए की राशि निकासी कराई गई ।इस योजना का कोड 62014465 तथा एस्टीमेट कॉस्ट 12,55,810 रुपया है। पिछले साल के मार्च माह में दो वाउचर के माध्यम से 10 लाख 70 हजार रुपया निकाला गया। लेकिन नाला निर्माण की जगह कोई भी कार्य नहीं हुई। इतनी बड़ी राशि की निकासी की गई, आखिर यह राशि कहां गई, इसकी जांच होनी चाहिए। प्रखंड के समीप की पंचायत की स्थिति यह है तो अन्य पंचायत का क्या होगा।प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मित्युंजय कुमार से इस बाबत पूछे जाने पर बताया कि यह मामला संज्ञान में आया है जिसकी जांच कराई जा रही है।

## मकेर में सोलह कार्टून विस्की शराब बरामद

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** शराब की बिक्री के उद्देश्य से वाहन से ले जा रहे अंग्रेजी शराब को मकेर पुलिस ने बरामद करने में सफलता प्राप्त किया है । थाना अध्यक्ष रवि रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर एक वाहन को रात्रि गस्ती दल द्वारा एक गाड़ी को रोक कर पूछताछ शुरू किया गया एवम तलासी ली गई। जिसमें 16 कार्टून विस्की की बोतलें बरामद की गई। एक कार्टून में 48 बोतले थी जो 250 लीटर शराब थी । गाड़ी पर सवार सभी लोगो से पूछताछ कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है । गाड़ी बिहार नम्बर की थी लेकिन पकड़े गए लोग सिवान जिला के पचरुखी निवासी बताये जाते हैं । एक तरफ सरकार जहाँ सभी कार्यो को छोड़ शाराब बन्दी को सफल बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है दूसरी तरफ शराब कारोबारी इस धंधा को बदस्तूर जारी रखते हुए सरकार की इस योजना पर पलीता लगा रहे हैं ।पुलिस के लाख दबिश के बाद भी शराब तस्कर आए दिन पकड़े जा रहे हैं ,जेल जा रहे हैं जेल से छूट कर फिर वही धंधा करते हैं हलाकि शराब बंदी बहुत हद तक सफल भी रही है।

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सोनपुर के 4 शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** राजधानी के गाँधी मैदान के आईएमए हॉल में प्रकाश ग्रुप ऑफ सोशल व एजुकेशनल ट्रस्ट की तरफ से अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह मे बिहार, झारखण्ड, गुजरात, बंगाल सहित अन्य राज्य से चयनित स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद चौरसिया और पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो.डा.गणेश महतो, मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, विधान पार्षद राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, विधायक अरुण कुमार सिंह, रेट संयुक्त सचिव मोहम्मद मोहीदुद्दीन, प्रो.डॉ राजेश शुक्ला उपस्थिति सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे । जिसमे सारण जिले के सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र के सरकारी स्कूल के चयनित 4 शिक्षकों को जिले से चयनित किये गये जिन्होंने अपने स्कूल के साथ अन्य कार्यक्रमों मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं वैसे शिक्षक मे सुबोध सिंह (राजनितिक शास्त्र) सोनपुर,नीतिश कुमार पटना (कंप्यूटर सांन्स) , सोनपुर के जहाँगीरपुर विद्यालय के अंग्रेजी विषय के शिक्षिका अणु , दिघवारा के अंजली कुमारी इतिहास , सोनपुर के हिंदी विषय के शिक्षक अमरनाथ ओझा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान से सम्मानित होने वाले शिक्षकों को सोनपुर पहुँचने पर शिक्षकों ने बधाई दी।

## जन सुराज के प्रखंड अध्यक्ष ने चलाया सदस्यता अभियान

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** जन सुराज के प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह ने कार्यालय प्रभारी, ललित तिवारी, नग नारायण कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष, उत्तरी परसा के पंचायत अध्यक्ष राम ईश्वर शर्मा के साथ परसा दक्षिणी पंचायत के उप मुखिया के स्वास्थ्य के बारे हाल चाल जाना गया। उनका पैर फैक्चर हुआ है। उन्होंने ने बताया कि हमारे मुखिया प्रतिनिधि श्याम किशोर तिवारी ने अपने स्तर से सिवान के डॉ रामा चौधरी के यहां इलाज एवं ऑपरेशन ऑपरेशन कराए हैं। उसके बाद परसा पूर्वी वार्ड संख्या 13 एवं 14 में तारकेश्वर राय के यहां सदस्यता अभियान के दौरान एक बृहद जन संवाद करने पर चर्चा की गई। श्री राय ने बहुत जल्द जन संवाद कराने की बात कही। उसके बाद रामपुर बिंदालाल के मुखिया प्रतिनिधि एवं जन सुराज एकमा के महासचिव रामनाथ मांझी के यहां जन सुराज के नीतियों को आम लोगों सहित सदस्यों को बताया गया। सभी जगहों पर छोटे-छोटे नुक्कड़ जन संवाद भी किया गया। वहीं एचएन मल्टी हॉस्पिटल पर भी कुछ सदस्य बनाए गए।इसकी जानकारी जन सुराज के एकमा प्रखंड अध्यक्ष व पूर्व मुखिया ओमप्रकाश सिंह ने आज यहां दी।

## विद्यालय में अवांछनीय तत्वों ने सामानों को किया क्षतिग्रस्त

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के राजकीय मध्य विद्यालय चैनपुर चरिहारा में अवांछनीय तत्वों के द्वारा परिसर में नल की टोटी,पाइप,चापाकल समेत पौधे को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया। प्रधानाध्यापक छविनाथ त्रिपाठी ने बताया कि उनके विद्यालय परिसर में तोड़ फोड़ की गयी हैं वहीं विद्यालय में शौचालय के सामने गंदगी फैला दी गई है। उन्होंने कहा कि पहले भी इसी तरह की घटना की जाती है जिससे छात्र छात्राओं समेत अन्य को दिक्कत होती है। मामले में शिक्षा पदाधिकारी और थाना पुलिस से शिकायत दर्ज कराई गई।

# डुमरी बुजुर्ग में धूमधाम से मनाई गई मां कालरात्रि वार्षिकोत्सव

*दर्शन पूजन के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचे माँ कालरात्रि मंदिर, सुख शांति एवं आपसी सद्भाव के लिए माता के पिंडी पर चढ़ाई गई सामाजिक झूल*

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के डुमरी बुजुर्ग मे मां कालरात्रि के वार्षिक पूजा धूमधाम से सोमवार की सुबह मंदिर के पुजारी पंडित ब्रजेशानंद मिश्रा ने विधिवत तरीका से पूजा पाठ कारण और मंदिर समिति के सचिव अमोद कुमार सिंह मुख्य यजमान बनकर गांव में सुख शांति एवं आपसी सद्भाव की कामना लेकर पूजा में भाग लिए। उसके पश्चात मंदिर के गर्भ गृह मे मुख्य पुजारी सोना बाबा,बालमुकुंद हर्ष ने भक्तों को पूजा पाठ करने में मदद किया।माँ के दर्शन पूजन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु ने पहुँच कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया। ज्ञात हो प्रत्येक वर्ष भादो अमावस्या तिथि के दिन जागृत सिद्ध पीठ के रूप में प्रसिद्ध सप्तम रूप मां कालरात्रि की पूजा लंबे समय से होती आ रही है।पूजा पाठ संपन्न होकर आरती के उपरांत



प्रसाद वितरण कार्य प्रारंभ हुआ। मंदिर परिसर में सुरक्षा की कमान नयागांव थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा खुद अपने पुलिस बलो के साथ किसी तरह के परेशानी भक्तो को न हो इसके लेकर हर गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाये हुए थे ।संध्या काल मे स्थानीय जिला के मटिहान निवासी लोक गायक ड्राइवर त्यागी एवं कुदरबाधा के बागेश्वर सिंह ने धार्मिक गीत निर्गुण एवं लोकगीत के गायन से श्रोताओं का मनोरंजन किया।बतादे कि मां कालरात्रि की वार्षिक पूजा का आयोजन समिति की ओर से की जाती है जिसमे समिति के अध्यक्ष बिजय सिंह, उपाध्यक्ष कृष्णमोहन सिंह उर्फ लड्डू सिंह,कोषाध्यक्ष महेश सिंह,शम्भु सिंह,लल्लू सिंह,बिजय सिंह फौजी,पवन सिंह सहित गांव के समाजसेवीयो, जनप्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़ कर सक्रिय होकर अपना योगदान देते रहे।

## विद्यालय परिसर से सबमर्सिबल मोटर की चोरी

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के देवढ़िया गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर के चपाकल में लगाए गए सबमर्सिबल मोटर पम्प की चोरी रविवार की रात में कर ली गई। इस दौरान चोरों ने नल को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

इस संबंध में प्रधानाध्यापक धनपत साह के द्वारा थाने में लिखित सूचना दी गई है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गयी है। सबमर्सिबल पम्प की चोरी और नल को तोडफोड कर बर्बाद कर दिये जाने के बाद से विद्यालय में पीने के पानी का संकट उत्पन्न हो गया है।

## बाइक दुर्घटना में एक शख्स घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सेमरी गांव निवासी बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मधुरेश कुमार हैं। वहीं घटना की सूचना मिलने पर बनियापुर विधायक पुत्र उच्च न्यायालय पटना के अधिवक्ता रितुराज सिंह ने मुलाकात की और हाल चाल जाना और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। घायल ने बताया कि वह बाइक से जा रहें थे कि बाइक दुर्घटना हो गई जिसमें वह घायल हो गए।

## जमीनी विवाद में मारपीट, दम्पति हुए जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के रूपराहीमपुर में जमीनी विवाद को लेकर हुई एक मारपीट की घटना में पति- पत्नी जख्मी हो गए । घटना को लेकर राजू राय की पत्नी रिंकू देवी ने एक प्राथमिक की दर्ज कराई है। प्राथमिक की में मंटू राय, बिट्टू राय, माया देवी, पुष्पा देवी, मुन्ना कुमार को आरोपित किया है। प्राथमिक में कहा है कि सभी उसके घर पर लाठी, डंडा व अन्य हथियार लेकर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। जब उसके पति ने गाली देने से मना तो उसके पति को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। लाठी से पीट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। जब वह अपने पति को बचाने पहुंची तो मंटू राय ने बाल पकड़ कर उसे जमीन के नीचे गिरा दिया जिससे वह अर्ध नग्न हो गई। इस दौरान सभी आरोपियों ने उसके साथ मारपीट किया। उसके जोर-जोर से चिल्लाने पर आसपास के लोग पहुंचे और उन्हें जख्मी हालत में इलाज के लिए मढ़ौरा सरकारी अस्पताल पहुंचाए। जहां उसका इलाज किया गया?। प्राथमिकी में देर रात आरोपी पर अन्य लोगों को बुलाकर हथियार के दम पर धमकाने की भी बात कही गई है।

## ट्रक के कुचलने से बाइक सवार की हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** थानाक्षेत्र के माधोपुर-टेहटी मुख्य मार्ग में एक ट्रक से साइड लेने के दौरान बाइक चालक की मौत ट्रक चक्का से कुचलकर हो गयी। इस दौरान एक अन्य व्यक्ति बुरी तरह से घायल बताया गया है। मृतक नगरा कादीपुर निवासी महमूद अंसारी का पुत्र 28 वर्षीय मंसुर अंसारी बताया गया है। घटना को लेकर बताया गया है कि नगरा, कादीपुर निवासी मंसुर अंसारी अपने अपाची बाइक से भेल्दी पैगा स्थित अपने दुकान पर जा रहा था। अपने घर कादीपुर नगरा से निकल कर वह माधोपुर टेहटी मार्ग पर पहुंचा था। इसी दौरान आगे जा रही एक ट्रक से साइड लेने के दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई । इससे वह ट्रक के चक्के के बीच आ गया और कुचलकर उनकी मौत हो गई। हादसा सोमवार की संध्या तीन बजे के करीब की बताई गई है। मंसूर आलम की मौत की खबर मिलते ही नगरा, कादीपुर स्थित उसके घर में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक मंसूर आलम की शादी पांच वर्ष पहले हुई थी और उनकी एक साल की बेटी भी थी।

## पूर्व सीएम दरोगा बाबू की जयंती मनाई गई

**दैनिक खोज खबर/गड़खा (सारण)।** भेल्दी स्थित श्रीधर बाबा दरोगा प्रसाद राय इंटर महाविद्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री दरोगा प्रसाद राय की 102 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय, पूर्व मुखिया रमेश कुमार यादव ,समाजसेवी राजेंद्र राय , पूर्व प्राचार्य रामप्रवेश पंडित , महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रामकिशोर यादव, प्रो सुरेंद्र कुमार, प्रो सिपाही राय, प्रो गुलाम नबी अंसारी, प्रो सुनीता कुमारी, रामेश्वर महतो, हरिन्द्र प्रसाद राय, हरेंद्र प्रसाद राय, अरुण कुमार यादव, भरत प्रसाद राय, राम बाबू राय, राम बाबू रमन एवं अन्य शिक्षकों ने प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## इसुआपुर में झंडा मेला आज, प्रशासनिक व्यवस्था चाक चौबंद

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर (सारण)।** प्रखंड मुख्यालय बाजार इसुआपुर पर 3 सितंबर को मनाए जाने वाले महावीरी अखाड़ा सह झंडा मेला की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं ।मेले को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था भी चाक चौबंद है। ड्रोन कैमरे से जहां मिले की निगरानी होगी। वहीं अचितपुर, इसुआपुर ,बिशुनपुरा, आता नगर तथा पुरसौली के सांस्कृतिक मंचों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए गए हैं। 14 लाइसेंसी अखाड़े जुलूस के लिए रूट चार्ट भी बनाए गए हैं। वहीं प्रत्येक अखाड़े के साथ पांच पुलिस बल के साथ एक मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। स्थानीय प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारीयों के अलावे जिला से 20 मजिस्ट्रेट 50 महिला पुलिस बल तथा 200 पुरुष बल मंगाए गए हैं। प्रत्येक सांस्कृतिक मंच के पास पुलिस प्वांइट बनाए गए हैं। जहां 20 पुलिस बल के साथ दो मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। मेले में प्रशासनिक शिविर, सूचना केंद्र, दंगा निरोधक वाहन, फायर ब्रिगेड की गड़ियां, एम्बुलेंस, प्राथमिक स्वास्थ्य शिविर, चलंत शौचालयों ,डस्टबिन, शीतल पेयजल की भी व्यवस्था की गई है। प्रत्येक अखाड़े द्वारा 20-20 वॉलिंटियर की तैनाती की गई है। जो आई कार्ड के साथ प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए होंगे।

### मेले में वाहनों का प्रवेश वर्जित, बनाए गए रूट चार्ट

मेले में रेलम पेल भीड़ के मद्देनजर वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। छपरा की तरफ से आने वाले भारी वाहन कृष्णा मोड़ खैरा से मढ़ौरा की तरफ रूट बदल लेंगे । वहीं मलमलिया तथा सतरघाट से आने वाले भारी वाहन मसरख से तरैया की तरफ रूट बदल लेंगे। जबकि छपरा की ओर से आने वाले छोटे वाहन भकुरा भिठ्ठी बाजार से तथा मसरख की ओर से आने वाले छोटे वाहन चहपुरा देवी स्थान से बेला, अमरदह गांवों की तरफ रूट बदल लेंगे। मेले में साइकिल, मोटरसाइकिल के प्रवेश पर भी रोक रहेगा।

### इसुआपुर में बिजली रहेगी गुल

झंडा मेला के दौरान बिजली सेवा बाधित रहेगी। विभागीय जेई मनोज कुमार वर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि अखाड़े तथा मेले में प्रयुक्त कच्चे बांस के झंडे, मेटल के पाइप, सामानों व अन्य हथियारों के प्रदर्शन को लेकर सुरक्षा के मध्य मद्देनजर टाउन फीडर की बिजली दिन के 2 बजे से अगले दिन 4 सितंबर के 7 बजे सुबह तक बाधित रहेगी। जिसमें आता नगर, इसुआपुर, बिशुनपुरा, तथा डटरा पुरसौली के ग्रामीणों को असुविधा होगी। वहीं बाकी चार फीडरों शामकौड़िया, मुड़वां, पिपरहियां तथा निपनिया फीडर की बिजली 3 सितंबर के दिन के 2 बजे से रात के 10 बजे तक बाधित रहेगी। जिससे इन फीडरों से संबंधित ग्रामीणों को असुविधा होगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि बिजली से सबंधित किसी भी दुर्घटना की आशंका होने पर उनके विभागीय मोबाइल नंबर 7763818721 पर शीघ्र सूचित करेंगे। साथ ही उपभोक्ताओं से यह भी आग्रह किया है कि वे समय रहते बिजली मोटर से संबंधित पानी की टंकी भरने जैसे कार्य कर लेंगे।

# बैंक स्टाफ की मनमानी से घंटों तक लाइन में लगे रहते हैं उपभोक्ता

## पुरुष व महिलाओं के लिए जमा निकासी का एकमात्र काउंटर

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** सेंट्रल बैंक की एकमा स्थित शाखा में कार्यरत स्टाफ की मनमानी के कारण उपभोक्ताओं के काम समय पर नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में अपने काम को कराने के लिए उपभोक्ताओं को कई घंटों तक लाइन में लगना पड़ता है। जैसे-तैसे उपभोक्ता का नंबर आ भी जाता है तो काउंटर पर बैठे अधिकारियों द्वारा कभी सर्वर की समस्या होने तो कभी समय का अभाव होने का बहाना बनाकर उपभोक्ताओं को चलता कर दिया जाता है। जिसके चलते उपभोक्ताओं को अपने काम के लिए कई दिनों तक बैंक में आवाजाही कर परेशान होना पड़ता है। इन दिनों एकमा स्थित सेंट्रल बैंक में अपने काम कराने के लिए यथा जमा निकासी के लिए उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में पसीने पोछते घंटों तक कतारबद्ध होकर परेशान होना पड़ रहा है। लेकिन बैंक में बने काउंटरों पर बैठने वाले अधिकारियों द्वारा कभी भी समय पर उपभोक्ताओं के काम नहीं किए जाते हैं। काउंटरों पर बैठने वाले अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं को इंतजार कराया जाता है।



**जमा निकासी के एक ही काउंटर पर पुरुष व महिलाओं की होती है लाइन:** पुरूष हों या महिलाएं उपभोक्ताओं को अपने काम कराने की मजबूरी में घंटों तक लाइन में लगना पड़ता है। कई बार तो स्थिति यह बनती है कि जब उपभोक्ता का नंबर काउंटर तक आ पाता है तब तक या तो सर्वर डाउन हो जाता है, या फिर लंच का समय हो जाता है जिसके चलते उपभोक्ताओं को फिर से लाइन में लगना पड़ता है। इन दिनों बैंक में कई उपभोक्ता बैंक संबंधित दस्तावेज जमा या ठीक कराने के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन काउंटर पर बैठे अधिकारियों द्वारा उनके दस्तावेजों में कमी तो बता दी जाती है, लेकिन यह नहीं बताया जाता कि आखिर उनकी समस्या का निराकरण किस काउंटर पर हो सकेगा। ऐसे में उपभोक्ताओं को एक काउंटर से दूसरे काउंटर तक चक्कर काटने पड़ते हैं। जहां पर भी उन्हें लाइन में लगना पड़ता है। कई बार तो पूरा दिन निकल जाने के बाद भी उपभोक्ताओं के काम नहीं हो पाते हैं, जिसके चलते उन्हें मजबूरीवश वापस लौटना पड़ता है। इस संबंध में काफी देर तक परेशान होने के बाद जब उपभोक्ताओं द्वारा बैंक के अधिकारियों से शिकायत की जाती है तो उनके द्वारा आश्वासन दे दिया जाता है कि अभी अधिकारी व्यस्त हैं, जैसे ही फ्री होंगे तो आपका काम करा दिया जाएगा। इस तरह से बुजुर्ग पेंशनधारियों या फिर महिला उपभोक्ताओं को कई घंटे तक परेशान होना पड़ता है यही नहीं खाता अपडेट कराने के लिए भी उपभोक्ताओं को लंबा इंतजार करना पड़ता है इस संबंध में शाखा प्रबंधक अभिमन्यु कुमार मंडल का मोबाइल स्वीच ऑफ होने के कारण संपर्क नहीं हो पाया।

## शहर में जाम से निजात के लिए ट्रैफिक डीएसपी के नेतृत्व में चला अभियान




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** ट्रैफिक डीएसपी बसंती टुड्डू के नेतृत्व में चला अभियान पुलिस एक्ट 34 के तहत करवाई शूरू की गई।छपरा शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर सारण पुलिस लगातार प्रयासरत है- यातायात बाधित होने की गंभीर समस्या का मुख्य कारण स्थानीय दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर सड़क, नाला, फुटपाथ पर सामग्री रख विक्री करना, अस्थायी ठेला लगाना, फुटकर विक्रेता द्वारा प्रत्येक दिन नियमित रूप से सड़क का अतिक्रमण कर यातायात का गंभीर समस्या उत्पन्न किया जाता है। इस सम्बन्ध में अनुमंडल पदाधिकारी सदर-1 से विचार विमर्श कर पुलिस अधीक्षक सारण के निर्देशानुसार पुलिस उपाधीक्षक, यातायात द्वारा पुलिस एक्ट-34 का क्रियान्वयन हेतु उप-नगर आयुक्त छपरा नगर, अंचलाधिकारी सदर छपरा एवं पुलिस निरीक्षक-सह-थानाध्यक्ष नगर, भगवान बाजार एवं छपरा मुफ्फसिल से समन्वय स्थापित कर अपेक्षित कार्रवाई शुरू की गई है । इस संबंध में आम जनता एवं दुकानदारों से अपील भी किया गया है कि अपने दुकान के बाहर सडक, नाला, फुटपाथ पर सामग्री रख विक्री करना, अस्थायी ठेला लगाना वर्जित है। जिसके तहत ये करवाई शुरू कर दी गई है तत्पश्चात उल्लंघन करने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेंगी जिसमें दोषियों को आर्थिक दण्ड एवं कारावास तक की सजा निहित है।वही जिनकी दुकानें हटाई गई नाराज दुकानदारो ने कैमरे के सामने अपना दु:ख व्यक्त किया। सड़क किनारे दुकानदरों ने कहा किआखिर हम जाये तो कहां जाय। इनका कहना है कि लगभग सभी ने प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत बैंकों से लोन ले रखा है अब दुकानें नही रही तो लोन कैसे जमा होगा।

## जमीनी विवाद में मारपीट पर पहुंची 112 डायल की पुलिस पर हमला, सात आरोपित गिरफ्तार



**दैनिक खोज खबर,/ मांझी/ दाउदपुर (सारण)।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के बनियापुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की सूचना पर पहुंची 112 की पुलिस टीम पर हमला कर तीन पुलिसकर्मियों को जख्मी कर दिया गया है। इस मामले में दाउदपुर थाना पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की है।

पुलिस ने इस मामले में त्वरित कारवाई करते हुए कुल सात नामजद आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। गिरफ्तार सभी आरोपी थाना क्षेत्र के बनियापुर गांव के बताए जाते हैं। दाउदपुर थाने में पदस्थापित एएसआई योगेंद्र प्रसाद द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में यह कहा गया है कि बनियापुर गांव के अश्वनी प्रसाद द्वारा 112 पर फोन पर दी गई सूचना में कहा गया की मेरे पड़ोसी जमीनी विवाद को लेकर मेरे साथ मारपीट कर रहे है। जिसके आलोक में डायल 112 की पुलिस द्वारा बनियापुर पहुंच कर दोनो पक्षों को समझाने बुझाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी बीच एक जुट होकर कुछ लोग मेरे और सिपाही के साथ मारपीट करने लगे। जिसमें मेरे दाहिने हाथ की कलाई में चोट लग गया जबकि संतोष कुमार ने ईट चलाकर सिपाही पर हमला कर दिया। जिसमें सिपाही रामशंकर मांझी और अक्ष्यवर तिवारी भी चोटिल हो गए और सरकारी वाहन को जाने से रोकने लगे। तब विपरीत परिस्थिति को भांप कर एएसआई योगेंद्र प्रसाद ने दाउद्पुर थाने पर सूचना देकर अन्य पुलिसकर्मियों को भी बुला लिया। फिर पुलिस के साथ मारपीट करने एवं सरकारी काम में बाधा पहुंचाने वाले सातों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस थाना पर लेकर आ गई। गिरफ्तार आरोपियों में संतोष कुमार, राज किशोर कुमार, मिथलेश कुमार, गोलू कुमार, कमलेश्वर प्रसाद, बबलू कुमार सहित रामजी प्रसाद शामिल है। इस दौरान किये गए हमले में सभी जख्मी जवानों का उपचार एकमा पीएचसी कराया गया। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष नवलेश ने बताया पुलिस के साथ मारपीट के आरोप में सात लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जिसमें सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## समारोह पूर्वक मनी पूर्व मुख्यमंत्री स्व.दरोगा प्रसाद राय की जयंती

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री स्व दारोगा प्रसाद राय की जयंती धूमधाम से परसा में समारोह पूर्वक मनाई गई।स्वराज आश्रम परसा में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री चनद्रिका राय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्व दारोगा बाबू किसी खास जाति के नही बल्कि जमात के नेता थे।समाजिक न्याय के सच्चे प्रहरी के रूप में एकमहापुरुष थे।उन्होंने अपना राजनीतिक जीवन समाज के प्रति समर्पित करते हुए एक नई दिशा व सोच को बदलने के लिए लोगों को प्रेरित किया। वही अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व दारोगा बाबू के बताए गए रास्ते पर चलने की जरूरत है।तभी हम उनके अधूरे सपने को पूरा कर सकते है और यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।कार्यक्रम को पूर्वमंत्री सह परसा विधायक चनद्रिका राय,अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू सिंह,युवा नेता धर्मेन्द्र कुमार साह ,अनारसी राय, नागेश्वर राय,प्रो सत्यनारायण राय, प्रो विमल प्रसाद,उमेश राय,राज किशोर राय, पूर्वजिला पार्षद राजेंद्र राय, मुखिया मो आशिफ असलम,मुखिया अवधेश राय,विपिन राय,सुभाष पांडे,गोपाल साह,बीरबल साह अरुण मेहता,संजय कुमार साह,संतोष कुमार भोला,अजय राय, लाल बाबू राय,ओम प्रकाश राय,परमेश्वर राय,साहेब लाल राय,हरेश्वर राय,अरविंद सिंह आदि ने पूर्व मुख्यमंत्री दारोगा प्रसाद राय के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए गए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया ।इसके पूर्व पूर्वमंत्री चंद्रिका राय के नेतृत्व में अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू सिंह सहित दर्जनों लोगों ने परसा चौक एवं प्रभुनाथ महाविद्यालय परसा परिसर में लगाई गई स्व दारोगा बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।सभा की अध्यक्षता पूर्व जिलापार्षद नंद किशोर राय तथा संचालन अर्जुन सिंह ने किया।जबकि धन्यवाद ज्ञापन राम लगन साह ने किया।



## विद्यालय के भैया - बहनों को श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र पटना का परिभ्रमण कराया गया

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर छपरा के द्वारा विज्ञान शैक्षणिक परिभ्रमण के परिपेक्ष्य में विद्यालय के भैया - बहनों को श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र, पटना का भ्रमण कराया गया। परिभ्रमण के दौरान प्रधानाचार्य फणीश्वर नाथ ने शैक्षणिक परिभ्रमण का उद्देश्य बताते हुए कहा कि भैया बहन का मन जिज्ञासु होता है, जिससे वे अधिक कल्पनाशील बनते हैं, तथा चुने हुए वातावरण में गतिविधियों का दृश्यात्मक अनुभव करके अधिक जानकारी को धारण कर पाते हैं। ताकि भैया - बहनों को अधिक से अधिक जानने और अवधारणाओं और सिद्धांतों को गहराई से जाने में मदद मिल सके। इसी दृष्टि से ऐसी शैक्षणिक परिभ्रमण विद्यालय द्वारा नियमित रूप से होता रहता है।

## ऑन द स्पॉट एडमिशन से वंचित एवं नामांकन सूची में नाम नहीं आने पर छात्रों ने विश्वविद्यालय में किया हंगामा

### छात्रहित में स्पॉट एडमिशन की नई तिथि फिर से जारी करें विश्वविद्यालय प्रशासन : राहुल कुमार यादव

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कैंपस में स्पॉट एडमिशन आवेदन से वंचित छात्र-छात्राओं व स्पॉट एडमिशन के लिए निर्धारित तिथि को आवेदन करने के बाद भी सपोर्ट नामांकन सूची में नाम नहीं आने पर छात्रों ने जेपी विश्वविद्यालय में हंगामा कियाछात्र नेता राहुल कुमार यादव की मौजूदगी में मुख्य गेट पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के बीच पहूंचे जेपी विश्वविद्यालय कुलपति परमेंद्र वाजपेई ने छात्र-छात्राओं की एक-एक बातों को गंभीरता सुनी और कहा कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रहित में लगातार प्रयास कर रहा है आगे आने वाले कुछ दिनों में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे. कुलपति ने छात्र-छात्राओं को भरोसा दिलाया कि जिन छात्रों का नाम ऑन द स्पॉट निर्धारित तिथि को आवेदन के बाद भी ऑन द स्पॉट नामांकन सूची में नाम नहीं निकला है उसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां है इस वजह से सभी छात्र-छात्राओं की सूची जारी नहीं की गई है. त्रुटिपूर्ण आवेदनों की अलग सूची आज हीं जारी की जाएगी, जिसमें छात्र-छात्राएं अपनी त्रुटिपूर्ण आवेदनों में सुधार कर फिर से जमा कर सकते हैं.फिर त्रुटिपूर्ण आवेदनों में सुधार के बाद सभी छात्रों की नामांकन सूची नए सिरे से जारी कर दी जाएगीउन्होंने खाली बचे सभी सीटों पर नए आवेदन पत्र लेने के संबंध में बताया कि 28 अगस्त को ऑन द स्पॉट नामांकन के लिए आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं के नामांकन लेने के बाद खाली सभी सीटों पर फिर से नए सिरे से छात्र-छात्राओं से आवेदन लिए जाएंगे. विश्वविद्यालय पहुंचे हजारों छात्र-छात्राओं का नेतृत्व कर रहे एआईएसएफ के छात्र नेता राहुल कुमार यादव ने कहा कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रहित में यथाशीघ्र सभी कॉलेजों में बची हुई सभी सीटों पर ऑन द स्पॉट नामांकन के लिए एक नई तिथि जारी करें विश्वविद्यालय पर प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से राजू कुमार, मनोज कुमार पंडित, संजीत राम, संतोष मांझी, मोना कुमारी, मुस्कान कुमारी, श्वेता कुमारी, रागिनी कुमारी, रजिया खातून, रानी खातून, खुशी कुमारी, प्रीति कुमारी, खुशबू कुमारी, सपना कुमारी, पल्लवी कुमारी, शालू कुमारी, शिब्बू कुमारी, आम्भा कुमारी, गौरव कुमार, विकास यादव, रंजन यादव, सोहैल खान, राजकुमार, प्रकाश यादव, राजन तिवारी, प्रसाद राम, बिरजू माझी, जुनैद खान सहित, सैकड़ों छात्राएं मौजूद थे।

## छपरा में आयोजित लोक रंग उत्सव में इप्टा कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक उत्कृष्ट कला का किया प्रदर्शन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** छपरा इप्टा की नवीनतम नाट्य प्रस्तुति 'नौटंकी ऊर्फ कमलनाथ मजदूर, के मंचन के साथ छपरा के रंगमंच में एक सुनहरा वरक जुड़ गया। रविवार की शाम भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह में इप्टा छपरा द्वारा कविवर कन्हैया जन्मशती वर्ष पर इप्टा के 81वें साल में आयोजित लोक रंग उत्सव में इप्टा कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। लोक रंग उत्सव का आगाज करते हुए विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी डॉ0 विभा कुमारी, एडीजे अतुल वीर सिंह, एडीजे प्रभात कुमार श्रीवास्तव, सचिव डालसा सह एसीजेएम धर्मेन्द्र पाण्डेय और इप्टा अध्यक्ष प्रो0 (डॉ0) वीरेन्द्र नारायण यादव ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र में बिपिन बिहारी श्रीवास्तव, प्रो0 लाल बाबू यादव, डॉ0 शालिग्राम विश्वकर्मा, सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, मुंबई से आए फिल्म निर्देशक द्वय अनिकेत मिश्रा और धनंजय चौबे मौजूद रहे।




लोक रंग उत्सव में बहुचर्चित नाटक ''नौटंकी ऊर्फ कमलनाथ मजदूर'' के मंचन ने छपरा में रंगमंच को एक नया उत्कर्ष प्रदान किया और एक अमीट छाप छोड़ी। नौटंकी और बिदेसिया शैली में प्रस्तुत नाटक में बिहारी मजदूरों के पलायन, पलायन की परिस्थितियों, महाजनी सभ्यता के बदले स्वरुपों-शोषण और परदेश उनके शोषण दमन फजीहतों की कारुणिक अभिव्यंजना लोक राग रागिनियों और नौटंकी के हास्य व्यंग्य में की गयी। 35 साल पूर्व बिपिन बिहारी श्रीवास्तव लिखित और निर्देशित इस नाटक का संगीत कंचन बाला- विनय कुमार, नृत्य कुमारी अनिशा और रंग परिकल्पना डॉ0 अमित रंजन ने की। 81 साल के लेखक बिपिन बिहारी श्रीवास्तव ने लाबार की भूमिका में अपने अभिनय गायन और नृत्य से न सिर्फ अभिनय का चरमोत्कर्ष पेश किया बल्कि धाकड़ अभिनेताओं को भी अभिनय का पाठ पढ़ा गये। लाबार 2 की भूमिका में रंजीत भोजपुरिया ने कलात्मक उत्कर्ष प्रदान किया?। नायक कमलनाथ की भूमिका में रंजीत गिरि ने अपने गायन नृत्य और अभिनय से शमां बांधा तो बतौर अभिनेत्री डेब्यू कर रही लक्ष्मी कुमारी अपने अभिनय गायन और नृत्य से न सिर्फ रोमांचित किया बल्कि निर्देशक की उपलब्धि साबित हुईं। अमित रंजन ने नायक के पिता और खलनायक की भूमिका में श्रेष्ठ अभिनय प्रस्तुत किया। सूत्रधार की भूमिका में शैलेन्द्र कुमार शाही, किशुन की भूमिका में जीतेन्द्र कुमार राम, जज की भूमिका में प्रो0 लाल बाबू यादव, फैक्ट्री मालिक की भूमिका में सुरेन्द्रनाथ त्रिपाठी ने अपनी भूमिकाओं के साथ न्याय किया। प्रियंका कुमारी, कुमारी अनिशा, मान, जयप्रकाश मांझी, कुमार गौरव, रौनक कुमार जमे। नाटक की उपलब्धि इसका रंग संगीत रही, जिसे बड़ी खुबसूरती और दक्षता के साथ कंचन बाला, प्रियंका कुमारी, विनय कुमार, प्रिया कुमारी, शरद आनन्द, राम जतन राम (नाल), जंग बहादुर राम (नगाड़ा), रामजी पासवान (झाल) शैलेश कुमार शाही (विविध वाद्ययंत्र) ने नाटक को उत्कर्ष प्रदान किया। लोक रंग उत्सव के सांस्कृतिक सत्र में कंचन बाला, रंजीत गिरि, लक्ष्मी कुमारी, जीतेन्द्र कुमार राम, रंजीत भोजपुरिया, शरद आनन्द, प्रियंका कुमारी, प्रिया कुमारी आदि ने करीब आधा दर्जन जन गीतों की प्रस्तुति की। कुमारी अनिशा ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। प्रियंका कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, जीतेन्द्र कुमार राम, रंजीत गिरि और कंचन बाला ने अपने गीतों गजलों से दर्शकों को झुमाया। लोक रंग उत्सव में एकमा इप्टा की सोनम मिश्रा की टीम ने लोकनृत्य की सधी प्रस्तुति दी। पूरे कार्यक्रम के दौरान छपरा के दर्शक आद्यांत कार्यक्रम से जुड़े रहे और मंच के भावों में डूबते उतराते रहे। अंत में जिला जज, न्यायिक पदाधिकारी गण और इप्टा के पदाधिकारियों ने कलाकारों को प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

## सिवान : 15 सितंबर से जिले में होगी पशुओं की गणना, तैयार होगी आनलाइन रिपोर्ट

### दिसंबर तक चलेगी गणना का कार्य

**परवेज अख्तर/ सिवान।** जिले में 21वीं पशुधन गणना 15 सितंबर से शुरू की जाएगी जो दिसंबर तक चलेगी। इस दौरान पशुओं के नस्लों की डोर टू डोरी गिनती की जाएगी। इस बार भी आनलाइन एप के माध्यम से गणना की जाएगी। पशुपालन एंव डेयरी विभाग इस बार मोबाइल एप उपयोग करके पशुधन गणना कराएगी। क्योंकि इससे डेटा को आनलाइन अपलोड करने में मदद मिलेगी। इससे पर्यवेक्षकों को काफी सुविधा होगी। पशुगणना के दौरान पशुपालकों से उनके पास उपलब्ध पशुधन के अलावा भी कई प्रकार की जानकारी ली जाएगी। साथ ही पूरे गणना कार्य की विभिन्न स्तरों पर मानिटरिंग भी की जाएगी। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई भी की जाएगी। बता दें कि पशु किसानों की नियमित आय का एक मुख्य साधन है। यह अर्थ व्यवस्था में रीढ़ का काम करती है। पशुपालन के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। जिसमें अनुदान भी दिया जा रहा है।

**कहते हैं अधिकारी:**

एक सितंबर से जिले में पशुओं का गणना होना था, लेकिन अब ये गणना 15 सितंबर से होगी जो दिसंबर तक चलेगी। राष्ट्रीय पशुगणना को लेकर तैयारी पूरी हो गई है। इस बार भी आनलाइन एप के माध्यम से गणना की जाएगी।-

**डा. अहसानूल होदा जिला पशुपालन पदाधिकारी**

## बड़हरिया : संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध की मौत, माहौल गमगीन

**परवेज अख्तर/ सिवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के मुसहरी गांव के चंवर में सोमवार को एक झाड़ी से एक वृद्ध का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान मुसहरी निवासी राजनाथ सिंह के रूप में हुई है। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया।बताया जाता है कि राजनाथ सिंह सोमवार की अल सुबह चंवर की ओर गए थे। जब वे देर तक घर नहीं लौटे तो स्वजनों की चिंता हुई। इस दौरान ग्रामीण चंवर की ओर किसी काम से गए थे। तभी झाड़ी में उनका शव दिखाई दिया। शव मिलने की सूचना मिलते ही काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों ने शव की पहचान मुसहरी निवासी राजनाथ सिंह के रूप में की और इसकी सूचना थाना व स्वजनों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थाल पर पहुंच घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों ने वृद्ध की मौत बीमारी से होने की बात कही। इस दौरान पुलिस का कहना था कि मृतक के शरीर पर किसी चीज का निशान नहीं है। पुलिस शव का बिना पोस्टमार्टम कराए स्वजनों को सौंप दिया।

## 17 छात्र- छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री किट का वितरण

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के रकौली स्थित उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार सिंह की देखरेख में कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य किट का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि मोहित राज, खुशबू कुमारी, खुशी कुमारी, राधिका कुमारी, गुड़िया कुमारी, ज्योति कुमारी, कोमल कुमारी शर्मा, प्रियम कुमारी, अंजली कुमारी, रंजीता कुमारी, सुमिरन कुमारी माली, अनु कुमारी, पूजा कुमारी, निधि कुमारी समेत आदि छात्र- छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री किट का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि गरीब असहाय बच्चों को शिक्षा से जोड़ने एवं शिक्षा की सामग्री उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इससे गरीब असहाय बच्चों को शिक्षा के साथ जोड़ने में किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। शिक्षित समाज से ही सुसज्जित समाज का निर्माण होता है।

## बच्चों के विवाद में पट्टीदारों के बीच झड़प में पांच घायल

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सिधवल में सोमवार की सुबह बच्चों के विवाद में दो पट्टीदारों के बीच हुई झड़प में तीन महिला सहित पांच लोगों के घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। घायलों की पहचान सिधवल निवासी उमापति देवी, रंगीला भगत, सीमा देवी, सानिया कुमारी एवं आदित्य कुमार शामिल है। घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में कराया गया।घटना के संबंध में घायल उमापति देवी ने बताया कि मेरे घर के एक बच्चा सोमवार की सुबह करीब आठ बजे साइकिल से कोचिंग से पढ़कर घर लौट रहा था तभी पड़ोसी अनिल भगत के बच्चों ने साइकिल के चक्का में डंडा घुसेड़ दिया, जिससे साइकिल की कमानी टूट गई। इसी बात पर बच्चों में बहस होने के बाद अभिभावकों में बहस होने लगा। तभी पड़ोसियों ने लाठी एवं तलवार से हमला कर दिए। इसमें उमापति देवी, रंगीला भगत, सीमा देवी, सानिया कुमारी एवं मासूम आदित्य कुमार घायल हो गए। घटना की जानकारी 112 डायल कर पुलिस को दी गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया।

## पत्नी के आवेदन पर अज्ञात वाहन व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना मुख्यालय के भगवानपुर बाजार में रविवार को अज्ञात वाहन से धक्का लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक सारण के मशरख थाना क्षेत्र के ब्राहिमपुर निवासी मृतक हरेंद्र सिंह की पत्नी रिंकू देवी ने रविवार को थाना में आवेदन देकर अज्ञात वाहन तथा चालक के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। थानाध्यक्ष रमाशंकर साह ने बताया कि प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## भूमि विवाद को ले हुई मारपीट मामले में प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सारीपट्टी टोले ठिकहा निवासी विष्णुदेव राय ने रविवार को थाना में आवेदन देकर पांच लोगों क्रमशः ब्रह्मदेव राय, तेतरा देवी, राजू कुमार, आरती कुमारी और संजीव कुमार पर भूमि विवाद को ले मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। उसने आवेदन में कहा है कि निजी भूमि पर लगे सब्जी को उखाड़ने से मना करने पर उक्त लोगों द्वारा गाली गलौज व मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। उसने पर संजीव कुमार पर मोबाइल से काल कर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## आपसी विवाद में मारपीट के मामले में प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट के मामले में रविवार को प्राथमिकी कराई गई है। इस मामले में सारण के बनियापुर निवासी तेरस बांसफोर ने थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि मैं अपने ससुराल हसनपुरा में रहता था, जिसमे ससुराल में घेरलू विवाद में लक्ष्मण बांसफोर, शिव बांसफोर, बबन बांसफोर,चंदेश्वर बांसफोर, राजवंशी, चंदन बांसफोर और करण बांसफोर ने मुझे मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष रमाशंकर साह ने बताया कि प्राथमिकी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# राज्य स्तर के दो सदस्यीय टीम ने आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर फुलवरिया का किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वास) भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के लिए विकसित किया गया हैं। क्योंकि यह मानक सुनिश्चित करता हैं कि स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी, सुरक्षित और रोगियों की आवश्यकताओं के अनुरूप है कि नही। सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि एनक्वास का लक्ष्य स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रक्रिया और परिणाम की गुणवत्ता को सुधारना है। राज्य स्तर पर दो सदस्यीय टीम में शामिल राज्य स्वास्थ्य समिति के शिशु स्वास्थ विभाग के सहायक निदेशक बिमलेश कुमार सिन्हा और पीरामल स्वास्थ्य के डॉ विकास रामेश्वर पाण्डेय के द्वारा निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य केंद्रों की साफ- सफाई, उपकरणों की स्थिति, और मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जांच और मरीजों की देखभाल, इलाज के तरीके और रोगियों की संतुष्टि का मूल्यांकन करने के साथ ही मानक संचालन प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल के अनुपालन की जांच की गई। इस दौरान क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक प्रशांत कुमार, डीपीएम अरविंद कुमार, डीपीसी रमेश चंद्र कुमार, मकेर सीएचसी के एमओआईसी डॉ गोपाल कृष्ण, जपाईगो की डीपीसी बनानी मिश्रा, पीरामल स्वास्थ्य के डीएमएसओ डॉ रविश्वर, सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी, बीएचएम रत्नेश कुमार पाण्डेय, बीसीएम दीपक कुमार, बीएमएनई अमित कुमार सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।



## सिवान : सात दिनों के अभियान में 76 गिरफ्तार, 69 भेजे गए जेल

**परवेज अख्तर/ सिवान।** पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले सात दिन के विशेष अभियान के दौरान 76 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, उनमें से 69 आरोपितों को जेल भेजा गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 26 अगस्त से एक सितंबर तक चले विशेष अभियान के दौरान 76 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इनमें 69 को जेल भेजा गया और सात को पुलिस बांड पर छोड़ दिया गया। इस दौरान विविध कांडों में 14, शराब के कांड में 48, हत्या के प्रयास कांड में दस, आर्म्स एक्ट के कांड में दो, हत्या के कांड में एक, अनुसूचित जाति-जनजाति के कांड में एक गिरफ्तारी की गई। वहीं 839 लीटर शराब व 1723.97 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया। जबकि 45 वारंट व एक कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि पांच लाख 38 हजार पांच सौ रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। बताया कि अभियान के दौरान पांच बाइक, पांच मोबाइल, एक बोलेरो, चार स्कार्पियों, एक पिस्टल, तीन गोली, एक सिक्सर, छह खोखा, दो कार व पांच बछडा सहित अन्य सामान बरामद हुआ। बताया कि जिले के सभी थानाध्यक्ष, सर्किल इंस्पेक्टर व पुलिस टीम रात भर छापेमारी में जुटी रही। सदर एसडीपीओ और महाराजगंज एसडीपीओ भी छापेमारी में लगे रहे। एसपी ने बताया कि पुलिस का यह अभियान जारी रहेगा। बताया कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर काल कर सकते हैं।



## उपद्रव के चौथे दिन भी पुलिस हथौड़ा में कर रही कैंप, गांवों में पसरा सन्नाटा

**दैनिक खोज खबर/हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के हथौड़ा में 30 अगस्त की देर शाम महावीरी अखाड़ा निकालने को लेकर हुए विवाद में धनखड़ मोड़ के समीप सैकड़ों की संख्या में एकत्रित उपद्रवियों द्वारा राहगीरों के साथ दुर्व्यवहार एवं गाड़ियों को क्षतिग्रस्त किया गया तथा इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस बल पर पथराव किया गया। साथ ही बीडीओ की गाड़ी को आग के हवाले कर दिया गया। इस दौरान बीडीओ के चालक राजेश कुमार एवं थाना के मुंशी मनीष कुमार घायल हो गए थे। वहीं पुलिस की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने 43 लोगों को नामजद तथा 150 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी की है। साथ ही पुलिस पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है तथा अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। वरीय पदाधिकारियों के आदेश पर गांव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस चार- पांच स्थानों पर कैंप कर रही है। वहीं आरोपित घर छोड़कर फरार बताए जाते हैं। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि जब तक स्थिति पूर्णरूप से सामान्य नहीं हो जाता है पुलिस कैंप करती रहेगी। हालांकि स्थिति पूर्ण नियंत्रण में है। पुलिसिया कार्रवाई के डर से गांवों से अधिकतर पुरुष घर छोड़कर फरार हैं।

## सेवानिवृत्त शिक्षक हत्याकांड में गिरफ्तारी नहीं

**परवेज अख्तर/ सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सरसर गांव में तीन अप्रैल को रामानुज सिंह की बदमाशों ने धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने घटना में शामिल बदमाश को पहचान कर ली है। उसकी गिरफ्तारी के लिए कई जगहों पर छापेमारी की गई लेकिन अभी तक बदमाश की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस मामले में एसपी अमितेश कुमार ने सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआइटी टीम का गठन किया था। टीम लगातार इस मामले में गुप्त सूचना व जांच के आधार छापेमारी कर रही है लेकिन वा फिलहाल उसके हाथ कुछ खास नहीं लगा है। देखते देखते कांड को पांच माह होने को है। ऐसे में सेवानिवृत्त शिक्षक की हत्या क्यों हुई यह अभी तक अंधेरे में है। पुलिस पर भी कांड के उद्‌भेदन का दबाव है। वहीं घटना में प्रयुक्त हथियार को भी पुलिस अभी तक बरामद नहीं कर सकी है। हथियार नहीं मिलने के कारण के साक्ष्य मिटाने में कांड में शामिल बदमाश को आसानी होगी। मामले में मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास ने बताया कि घटना में शामिल बदमाश की पहचान हो गई है। घटना का कारण भी पता चल गया है। जल्द ही कांड में शामिल बदमाश को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बता दें कि मृतक रामानुज सिंह के पुत्र सह सरसर निवासी राजन कुमार ने आवेदन देकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी कराई थी।

## छपरा के सर्जन ने 72 वर्षीय बुजुर्ग का त्वचा कैंसर का सफल ऑपरेशन कर त्वचा ग्राफ्टिंग किया

### नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सर्जन है डॉक्टर विशाल

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** 72 वर्षीय बुजुर्ग का त्वचा कैंसर का सफल ऑपरेशन कर त्वचा ग्राफ्टिंग किया गया। छपरा शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल कुमार एवं डॉ संजू प्रसाद के पुत्र डॉ विशाल कुमार सर्जन ने नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल सासाराम में त्वचा कैंसर का सफल ऑपरेशन कर त्वचा ग्राफ्टिंग किया गया। डॉ विशाल कुमार ने बताया कि 72 वर्षीय बुजुर्ग त्वचा कैंसर से ग्रसित था जिसका सफल ऑपरेशन किया गया। इसे मेडिकल भाषा में बेसल सेल कार्सिनोमा कहते है बेसल सेल कार्सिनोमा एक प्रकार का त्वचा कैंसर है। बेसल सेल कार्सिनोमा बेसल कोशिकाओं में शुरू होता है - त्वचा के अंदर एक प्रकार की कोशिका जो पुरानी कोशिकाओं के मरने पर नई त्वचा कोशिकाओं का निर्माण करती है। बेसल सेल कार्सिनोमा अक्सर त्वचा पर एक हल्के पारदर्शी उभार के रूप में दिखाई देता है, हालांकि यह अन्य रूप भी ले सकता है। बेसल सेल कार्सिनोमा अक्सर त्वचा के उन क्षेत्रों पर होता है जो सूरज के संपर्क में आते हैं, जैसे कि आपका सिर और गर्दन। माना जाता है कि ज्यादातर बेसल सेल कार्सिनोमा सूरज की रोशनी से निकलने वाली पराबैंगनी (ठ्ठ) किरणों के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होते हैं।

**टीम बनाकर कर किया गया ऑपरेशन :** डॉक्टर विशाल कुमार के नेतृत्व में एक मेडिकल टीम बनाकर ऑपरेशन किया गया जिसमें डॉ विशाल कुमार, डॉ पंकज एवं ओटी असिस्टेंट व अन्य शामिल थे। डॉ विशाल कुमार ने बताया कि इस त्वचा प्रत्यारोपण प्रक्रिया को ऑटोग्राफ्ट कहते हैं। इसमें खराब त्वचा को हटा कर आमतौर पर जांघ, से त्वचा लेकर त्वचा ग्राफ्टिंग किया गया।उन्होंने बताया कि बेसल सेल कार्सिनोमा तब होता है जब त्वचा की बेसल कोशिकाओं में से किसी एक के डीएनए में उत्परिवर्तन विकसित हो जाता है।बेसल कोशिकाएँ एपिडर्मिस के निचले भाग में पाई जाती हैं - जो त्वचा की सबसे बाहरी परत होती है। बेसल कोशिकाएँ नई त्वचा कोशिकाएँ बनाती हैं। जैसे-जैसे नई त्वचा कोशिकाएँ बनती हैं, वे पुरानी कोशिकाओं को त्वचा की सतह की ओर धकेलती हैं, जहाँ पुरानी कोशिकाएँ मर जाती हैं और बाहर निकल जाती हैं।

## ट्रैफिक पुलिस की वर्दी में नजर आने लगे होमगार्ड जवान

**दैनिक खोज खबर/ सिवान।** जिले में होमगार्ड के जवानों को यातायात ड्यूटी में लगाया गया है। ये जवान अब पूरी तरह ट्रैफिक में समायोजित हो गए हैं इसके साथ ही ट्रैफिक में लगे होमगार्ड जवान अब शहर में ट्रैफिक पुलिस की यूनिफार्म में नजर आने लगे हैं। अब वे खाकी में नहीं नीला पैंट व सफेद शर्ट पहने सोमवार को ड्यूटी करते हुए दिखे। जानकारी के अनुसार अभी सात जवानों को ट्रैफिक की वर्दी दी गई है। अभी तक यह होमगार्ड जवान खाकी वर्दी में ड्यूटी देते थे। यातायात थानाध्यक्ष अभय नंदन कुमार ने बताया कि होमगार्ड के जवानों को ट्रैफिक में लगाया गया है इसलिए उनका ड्रेस भी ट्रैफिक पुलिस की तरह होना चाहिए। ट्रैफिक में तैनात सात जवानों को अभी ट्रैफिक पुलिस वाला ड्रेस ब्लू पैंट व सफेद शर्ट दिया गया है। सोमवार से सभी ट्रैफिक पुलिस की यूनिफार्म में नजर आने लगे हैं।

## जन सुराज को उम्मीद और भरोसे के साथ देख रहा है मुस्लिम समाज- महासेठ

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जन-सुराज में मुस्लिम समाज की तेजी से बढ़ रही भागीदारी को लेकर राजद और जदयू की बेचैनी बढ़ गई है। मुस्लिम समाज जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की गांधी वादी विचारधारा से प्रभावित हो उनके नेतृत्व में अपना राजनीतिक भविष्य देख रहे हैं। कल पटना के बापू सभागार में आयोजित मुस्लिम जलसे में उमड़ी भीड़ इस बात के गवाह है। उक्त बातें आज यहां जारी एक बयान में जन सुराज के जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने कही। उन्होंने कहा है कि इस विशाल जमावड़ा से राजद, जदयू और कांग्रेस के पसीने छूट गए हैं और उनकी बेचैनी बढ़ गई है। मुस्लिम समाज का रहनुमा बनने की ढोंग रचने वाले दलों व उनके नेताओ ने इस समाज को केवल और केवल ठगने का काम किया है। आज दलित समाज के बाद सबसे ज्यादा खराब,बदहाल स्थिति है तो वह मुस्लिम समुदाय की है। मुख्य प्रवक्ता महासेठ ने कहा कि जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने मुस्लिम समाज को आश्वस्त किया है कि अगर उन्होंने जन-सुराज का साथ दिया तो उन्हें जनसंख्या के हिसाब से न केवल राजनीतिक हिस्सेदारी मिलेगी बल्कि उनके बच्चों को राजनीति में आगे बढाने और उन्हें अपने खर्चे से चुनाव लड़ाने की जिम्मेवारी भी जन-सुराज संभालेगा.उन्होने वादा किया है कि जन-सुराज उनकी आबादी के हिसाब से न केवल उनको राजनीतिक भागेदारी दिलाएगा बल्कि उनके बच्चों को राजनीति की ट्रेनिंग देने से लेकर उनको चुनाव लड़ाने का सारा खर्च भी करेगा। तेजस्वी यादव और नीतीश कुमार दोनों पर मुस्लिम समाज को अबतक वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। जिस तरह से मुस्लिम समाज के बीच प्रशांत किशोर की स्वीकार्यता बढ़ रही है, मुस्लिम समाज उनकी तरफ उम्मीद और भरोसे के साथ देख रहे है।

## मौनिया बाबा मेला में झांकियां व दंगल रहा आकर्षण का केंद्र

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** उत्तर बिहार का प्रसिद्ध मौनिया बाबा मेला रविवार की शाम उद्घाटन के बाद आरंभ हो गया। नागा जी के मठ में भगवान महावीर की विधिवत पूजा- अर्चना की गई। इसमं सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सहित अनुमंडल प्रशासन के सभी अधिकारी शामिल हुए।

इस दौरान शहर के विभिन्न जगहों पर धार्मिक, ऐतिहासिक, सामाजिक झांकियां निकाली गई। शहर के नया बाजार मुख्य पथ पर शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा बाबा बर्फानी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा श्रीराम सेवा समिति, नव युवक संघ द्वारा मोहन बाजार, शिव मंदिर, पकवा इनार समेत विभिन्न जगहों पर झांकी प्रदर्शित की गई जिसे देखने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे थे।

वहीं फुलेना शहीद स्मारक में क्रीड़ा भारती द्वारा दंगल प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इसमें दूर-दूर से पहुंचे महिला व पुरुष पहलवानों ने अपना दमखम दिखा लोगों को आकर्षित कर दिया। रात्रि 12 बजे के बाद नागाजी बाबा मठ अखाड़ा, प्रधान अखाड़ा, आजाद अखाड़ा, कपिया अखाड़ा, पसनौली अखाड़ा तथा नवलपुर का अखाड़ा शहर के विभिन्न मार्गों से सोमवार की सुबह तक भ्रमण करता रहा। मौनिया बाबा मेला स्थल, राजेंद्र चौक, नखास चौक, फुलेना शहीद स्मारक, बाटा मोड़ स्थित मेला नियंत्रण कक्ष में मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात दिखी। शहर के प्रत्येक चौक-चौराहे पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस गश्त करती रही। एसडीओ अनिल कुमार, एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, पुलिस निरीक्षक अमरेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह, बीडीओ विंदु कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार, ईओ हरिश्चंद्र सहित वरीय अधिकारी रात भर गश्त करते रहे।

**बिजली विभाग रहा सक्रिय :** मेला को ले इस बार बिजली विभाग पूरी तरह सक्रिय रहा। कार्यपालक विद्युत अभियंता प्रशांत कुमार, सहायक विद्युत अभियंता दिलीप कुमार, कनीय विद्युत अभियंता आशीष रंजन सहित सभी लाइनमैन अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे। प्रशासन के दिशा-निर्देश के तहत बिजली आपूर्ति हुई।

## ट्रक की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, युवक घायल

**परवेज अख्तर/ सिवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के तीनभेड़िया गांव के समीप बड़हरिया-सिवान मुख्य पथ पर सोमवार की दोपहर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई जबकि बाइक चालक युवक घायल हो गया। इस घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए तथा बड़हरिया-सिवान मुख्य पथ को करीब एक घंटे तक जाम रखा। प्रशासन द्वारा समझाने-बुझाने के बाद सड़क जाम खत्म हुआ। मृतक की पहचान जामो थाना क्षेत्र के भोपतपुर निवासी मुन्ना मस्तान के रूप में हुई है जबकि घायल उसी गांव का दिलेर अहमद का पुत्र शाहबाज अहमद बताया जाता है।बताया जाता है कि भोपतपुर निवासी मुन्ना मस्तान तथा शाहबाज अहमद एक ही बाइक से किसी काम से सिवान गए थे। कार्य निपटाने के बाद वे दोनों सिवान से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। जैसे ही सिवान-बड़हरिया मुख्य पथ स्थित तीनभेड़िया गांव के समीप पहुंचे आगे बड़हरिया की ओर जा रहे ट्रक का ओवरटेक कर आगे निकलने का प्रयास करने लगे तभी ट्रक की चपेट में गए। इस दौरान बाइक सवार मुन्ना मस्तान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि बाइक चालक शाहबाज अहमद घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। घटना के बाद काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए सड़क जाम कर ट्रक चालक के विरुद्ध कार्रवाई एवं मृतक के स्वजन को मुआवजा दिलाने की मांग करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सरफराज अहमद, थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर तथा कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम हटाया। इसके बाद आवागमन बहाल हुआ। वहीं पुलिस ट्रक को जब्त कर ली है तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी है। वहीं घायल का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया गया।

